KRISHI VIGYAN KENDRA, KUMHER-BHARATPUR

DIRECTORATE OF EXTENSION EDUCATION

(SRI KARAN NARENDRA AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER-JAIPUR)

Dr.Navab Singh

Senior Scientist & Head

Mob- 91-9414544054

E mail- pc.kvk.kumher@sknau.ac.in

No. F. /OA /KVK /KUMHER /2025/1333-1340

Dated:-09.12.2025

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर (भरतपुर) फार्म पर वर्ष 2025–26 के लिए केन्द्र पर बेर उद्यान यूनिट के 55 फलदार पौधों की खुली बोली नीलामी की जायेगी। अतः इच्छुक व्यक्ति दिनांक 15.12.2025 को प्रातः 11:30 बजे फार्म पर उपस्थित होकर मौके पर बोली लगा सकते है। नीलामी सूचना को सम्पूर्ण अथवा किसी भाग को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

केन्द्र पर उद्यान की यूनिट में फल दार पौधे हेतु खुली नीलामी की शर्ते निम्न प्रकार से है :–

1. समस्त शर्तो को ध्यान पूर्वक पढे एवं हस्ताक्षर करें।
2. ये ठेका वर्ष 2025–26 के बेर फलों की समाप्ति तक मान्य होगा ।
3. बोलीदाता को रुपये 200/– पंजीयन शुल्क के रूप में जमा कराने होंगे, जो कि वापस देय नही होंगे।
4. बेर के बाग के पौधों के फलों की सरकारी बोली रु. 20000/– है तथा बोली लगाने से पूर्व बोलीदाता को रु.4000/– धरोहर राशि के रुप में जमा कराने होगें। असफल बोलीदाता की राशि खुली नीलामी पूर्ण होने पर वापिस कर दी जावेगी। सफल बोलीदाता की धरोहर राशि को मूल राशि में समायोजित नही किया जावेगा। यह राशि फल समाप्ति के बाद लौटाई जावेगी। इस राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा। उच्चतम बोली की सम्पूर्ण राशि बोली दिनांक के एक सप्ताह में जमा करानी होगी।
5. उच्चतम बोलीदाता को बोलीराशि का 50 प्रतिशत राशि मौके पर जमा करानी होगी, शेष अगले सात कार्य दिवसों में जमा करानी होगी। सम्पूर्ण राशि जमा होने के उपरान्त ही बेरों/फलों को तोड़ने दिया जावेगा। संपूर्ण राशि जमा नहीं होने की स्थिति में धरोहर एवं जमा राशि जब्त कर ली जावेगी।
6. स्वीकृत बोलीदाता को सिंचाई संबंधी पम्पसैट, पाईप व अन्य सामान गिनकर लिखित में प्राप्त करना होगा व गिनकर वापस जमा करना होगा व जिसकी चौकीदारी स्वंय ठेकेदार को ही करनी होगी।
7. केन्द्र के बेर बगीचे में कोई भी अन्य कार्य युनिट प्रभारी एवं अधोहस्ताक्षरकर्ता की अनुमति के बिना नहीं किया जावेगा।
8. किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी स्वयं ठेकेदार की होगी।
9. बेर बाग में लगे फल देने वाले पेड–पौधो में निराई, गुडाई, थॉवले बनाना, सिचाई कार्य, दवाई का छिडकाव व फलों की चौकीदारी स्वयं ठेकेदार को करनी होगी। इस वास्ते दवाई, खाद एवं डीजल, ट्रैक्टर सहित कार्यालय से उपलब्ध करा दिया जाएगा।
10. बेर बगीचें में दवाई छिड़काव का कार्य केन्द्र के ट्रैक्टर द्वारा आवयकता अनुसार समय समय पर करा दिया जावेगा।
11. बेर बाग, पेड–पौधो में उच्चतम बोली दाता को ही दिया जायेगा। अधिकतम बोली होने पर भी ठेका छोडने या न छोडने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।
12. फल उत्पादन में लगने वाले समस्त मजदूरी की व्यवस्था स्वयं ठेकेदार की होगी।
13. श्रमिक क्षति होने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
14. किसी भी प्रकार के विवाद के निपटारे हेतु विवाद कुलपति, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर (जयपुर) के आर्बीटेशन में प्रस्तुत करना होगा एवं उनका निर्णय दोनो पक्षों को मान्य होगा।
15. उक्त खुली निलामी सूचना को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।
16. ठेकेदार के मजदूर व स्वंय फार्म पर मदिरा व अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन नहीं करेगे और न ही किसी अन्य को करने देंगे।

Scanned with OKEN Scanner

17. सफल निविदादाता को 100 रुपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निविदा प्रपत्र में दर्शायी गयी समस्त शर्तों को लिखकर सहमति देनी होगी।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

प्रतिलिपिः— सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को प्रेषित है—

1. श्रीमान् निदेशक महोदय, प्रसार शिक्षा निदेशालय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
2. श्रीमान् वित्त नियंत्रक महोदय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
3. श्रीमान् कोषाधिकारी, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
4. प्रभारी, सिमका श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त निलामी सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.sknau.ac.in पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. कमेटी कन्वीनर / सदस्य / लेखाशाखा
6. श्रीमान डीन, कृषि महाविद्यालय, भरतपुर के सूचना पटट्।
7. श्रीमान् प्रभारी अधिकारी, कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, कुम्हेर भरतपुर के सूचना पट्ट।
8. पंचायत समिति कार्यालय कुम्हेर भरतपुर के सूचना पटट्।
9. रक्षित पत्रावली।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

Scanned with OKEN Scanner